"श्री राम लाल डांगी (खनन पट्टा संख्या 03/2020) की जन सुनवाई विवरण

दिनांक 13.09.2022 समय 11.30 प्रातः

यह जनसुनवाई श्रीमान ओ0पी0 बुनकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उदयपुर की अध्यक्षता एवं श्रीमान शरद जी सक्सेना क्षैत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर की उपस्थिति में आयोजित की गयी। जनसुनवाई प्रारम्भ होने से पूर्व श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.म. उदयपुर द्वारा, श्री ओ.पी. बुनकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर–(प्रशासन), उदयपुर का स्वागत किया गया तथा उपस्थित आमजन का स्वागत करते हुए जनसुनवाई के संबन्ध में नियमो की जानकारी देते हुए कहा की यह जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना (EIA Notification) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आम सूचना स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं राष्ट्रदूत में दिनांक 04.08.2022 को प्रकाशित करवा दी गई थी।

यह जनसुनवाई **"श्री राम लाल डांगी"** द्वारा प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार खनन परियोजना (खनन पट्टा संख्या 03/2020 लीज क्षेत्र 3.223 हैक्टेयर) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 31.2685 हैक्टेयर, प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 1,86,045.6 TPA (ROM)एवं प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार उत्पादन क्षमता 18,28,595.8 TPAनिकट ग्राम–खाम की मादडी, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर स्थित प्रस्ताबित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है। प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग रू. 55.15 लाख है।

अतः उद्योग के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुनें तत्पश्चात आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमें आपका नाम तथा गांव का नाम बतायें साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझें हमें दे सकते हैं।

इस जनसुवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायतकी जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्व करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी.डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत बनाये जायेंगे। जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर को प्रेषित करेंगे क्यों कि इस इकाई को सन्दर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 31.03.2021 को इस कमेटी द्वारा जारी की है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तों की उद्योग द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी

(ओ.पी. बुनकर)
अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए उधोगमालिक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची(**परिशिष्ठ "अ"** में सलंग्न) है।

उपरोक्त के पश्चात इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार (फूलग्रो)द्वारा उक्त इकाई के संबन्ध में तैयार की गई ई.आइ.ई रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई जो की **संलग्नक "ब"**के अनुसार है।

अतः कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.म. उदयपुरद्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखंने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार हैः–

**1. श्री संतोष सिंह राव ग्राम खाम की मादडीः–**

माईन्स में बड़े–बड़े बोर हो रहे है। हमने कई बार कम्पलेन्ट की उसकी आज दिन तक कोई सुनवाई नहीं हुई और हमारी कम्पलेन्ट पर किसी ने कोई गौर नहीं किया है। मैंने कम से कम 100 कम्पलेन्ट की होगी आज दिन तक किसी ने कोई एक्शन नहीं लिया। सच बात तो यह है कि घरो में बड़ी–बड़ी दरारे हो गयी है उसमें अंगुली जाए जैसी। उसके लिये हम प्रशासन को बोलते रहे है । और सर हमारे यहां सबसे ज्यादा दो नम्बरी कार्य होता है।आज दिन तक किसी प्रशासन ने कोई एक्शननहीं लिया, न कोई पटवारी सुनता है न और कोई सुनता है। न कोई करताहै। सबसे ज्यादा दो नम्बरी कार्य नाईट में चलता है। एक नम्बर वाला बिचारा एक गाड़ी भी दिन की नहीं दे पाता है। यह पोजिशन है यहा।

**2. श्री रूपसिंह जी ग्राम खाम की मादड़ीः–**

हमारे बीच एक दीवाल है इधर इनका बीड़ा उधर हमारी खेती की जमीन है। माईन्स चले इसमें हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन एतराज इस बात का है कि वो पत्थर वगैरह हमारी काश्त में पड़ेंगे। फसल खड़ी होगी वहां पर पर पत्थर पड़ेंगे । पत्थर जो गिरेगा उसकी सफाई करने की इनकी जिम्मेदारी रहेगी । हमारे उधर मलबा पत्थर नहीं आना चाहिए।हमारी आबादी माईन्स क्षेत्र से ज्यादा दूर नहीं है और बड़ा ब्लास्ट नहीं होवे यह हमारी रिक्वेस्ट है।

**पर्यावरण सलाहकार (फूलग्रो)**ने बताया की माईन्स वेस्ट को माईन्स की खातेदारी में ही निर्धारित जगह पर डाला जाएगा ब्लास्टिंग भी डिलेएक टेक्नीक का इस्तेमाल कर किया जाएगाताकि आस पास के घरो में क्षति न पहुँचेएवं दिन में ब्लास्ट करेंगें जिसको की ई.आई.ए. रिपोर्ट में भी बताया गया है।

(ओ.पी. बुनकर)
अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

3. **श्री राम लाल डांगी, माईन्स ऑनरः—** ने कहा कि वे उसी अनुसार काम करेंगे।

4. **श्री देवीसिंह राव ग्राम खाम की मादड़ीः—**

मैं सभी अधिकारीगण से विनम्र प्रार्थना करता हूँ कि आप सभी अलग—अलग विभाग से है। आप सभी से गांव की ओर से निवेदन करना चाहता हूँ कि जितनी भी लीगल माईन्सें है उन लीगल माईन्सों का हमारे गांव में बोर्ड टाईप लिखवा दिया जाए कि गांव में 10 माईन्सें है कि 15 माईन्सें है। लीगल माईन्सों के साथ—साथ कोई इललीगल माईन्सें भी चला रहा है तो हमें मालूम पड़े कि कितनी वैध है एवं कितनी अवैध चल रही है। एक बोड ऐसा लगाया जाए जो कि आपके ऑफिसीयली आपके विभागीय अफसरों के उस पर कोन्टेक्ट नम्बर हो।हमारी अगर कोई शिकायत हो तो आपके वहां तक चक्कर नहीं लगाना पड़े और फोन से काम हो जावे।

माईन्स देने के जो नॉर्म्स है उसकी एक बुक हमारे गांव वालों को दी जाए कि माईन्स इस नॉर्म्स के आधार पर चला रहे है कि पानी को छिडके कि, पेड लगावे कि अुमख काम करें या अमूख काम नहीं करें। ऐसी बुक हमारे को दी जाए जिससे हमारे गांव वालों को मालूम पडे कि माईन्स किस आधार पर चला रहे है। ये पानी छिडके या पेड लगावे ये—ये काम करें ये नहीं करें ऐसी एक बुक हमारे को दी जावे जिससे गांव वाले जागरूक रहे।

दूसरी बात है कि खाम की मादडी से जो भी राजस्व जाताहै माईनिंग का वह मेरे को जहां तक अनुभव है कि जितना पैसा कलक्ट होता है यहां से वह पैसा दूसरी जगह लग जाता है और हम ऐसे ही रहते है। रोड टूट रहीं है। मीटिंगें होती है और जहां से माईन्स चलती है, माईन्सें है मुख्य सड़क तक ये पानी छिडकवाने का काम करें और आज दिन पहले जितनी भी माईन्सें एलोट हुई है तो हमने एक भी माईन्स पर यह नहीं देखा है कि एक भी वृक्ष उन्होने लगाया हो । आज अपन सब साथ में बैठे है मैं यह आपसे आग्रह निवेदन कर रहा हूँ आप अच्छे से सुन रहे है आपके ऑफिस में जाएंगे तो हमारी एक तो कोई सुनने वाला नहीं है कोई आप जैसे कोई अच्छे भले होंगे तो वो कहेंगे कि इस तरह से करों, यह करों, वह करों ।मैं आपसे सभी विभागों से जो भी अधिकारीगण महानुभव पधारे हुए है आपसे एक ही निवेदन है कि जो कहा गया है उसकी पूर्ति करावें।

5. **श्री शरद सक्सेना जी क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुरः—**

ने बताया कि माईन्स के बारे में जो भी रूल्स की बुक में है एवं जो भी परमिशन दी गयी है उसमें यह लिखा हुआ है कि रूल्स एण्ड रेगुलेशन्स की पालना करनी चाहिये जोसभी माईन्स पर एप्लीकेबल है । माईनिंग विभाग से परसनली कोई कन्सर्न है तो माईनिंग विभाग वाले बैठे हुए है आप उनको दे सकते है।

(ओ.पी. बुनकर)
अति.जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री देवी सिंह राव ने बताया कि गांव में बोर्ड वगैरह लगाया जावे इस पर श्री सक्सेना ने बताया कि माईन्सों पर बोर्ड लगे हुए है।

6. **श्री देवीसिंह राव ग्राम खाम की मादड़ीः–**

माईन्स पर केवल माईन्स कानाम लिखा होता है अधिकारीगण के कोन्टेक्ट नम्बर नहीं होते है। गांव में 10 माईन्सें है कि 15 माईन्सें है एक जगह बोर्ड लगा दो कि यह लीगल है यह अनलीगल है।

इस पर एडीएम साहब ने माईनिंग विभाग को इसबारे में बताने के निदशदिये जिस पर माईनिंग विभाग के संबन्धित अधिकारी ने बताया कि माईनिंग इंजिनियर के नम्बर ओन लाईन है और नम्बर चाहने पर मैं दे सकता हूँ ।

7. **श्री संतोष सिंह राव ग्राम खाम की मादड़ीः–**

माईनिंग इंजिनियर साहब को कितनी ही बार फोन किया तो वो कितनी बार आए।

8. **श्री ओ.पी. बुनकर जी अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुरः–**

मैं पिछली बार साल भर पहले जन सुनवाई में आया तो उस दिन आप सभी ने यह कहा था कि जिसकी जनसुनवाई हो रही है उसकी एनओसी दे दो इसमें कोई आपत्ति नहीं है। बाकी सब को रिव्यू कर दो। उस दिन माईनिंग वाले कोई नहीं थे दूसरे दिन माईनिंग वालो को भेजा था जो आए थे। आज माईनिंग वालो को साथ में लाया हूँ । एक–एक की हिस्टरी आप बताओगे। नामजद शिकायत देनी होगी। पिछली बार कहा कि माईन्स मालिक बाउण्डरी बताता कहा है एवं खोदता कहा है इसकी कम्पलेन्ट मिली। इस पर माईनिंग वालो ने कार्यवाही की। स्पेसिफिक कम्पलेंट होतो उस पर तो कार्यवाही होगी। मुजे को कभी कोई मेरे ऑफिस में आकर नहीं मिला। दूसरी बात एक कन्ट्रोल रूम जिला कलक्टर का 24 घण्टे खुला रहता है जिसका नम्बर है। 0294–2414620 इस पर शिकायत बताओंगे तो आपको रेस्पोन्स मिलेगा। माईनिंग विभाग वालो की टीम आज आई हुई है जो भी कम्पलेंट हो बताए। मेन रोड काफी टूटा हुआ है डीएमएफटी वाले मेन रोड को तो प्रायरोटी पर लेवे। मेन रोड से माईन्स तक की सड़क के बारे में माईन्स ऑनर की जिम्मेदारी है। स्कूल में जनसुनवाई रखने का अर्थ है कि कुछ स्कूल का भी ध्यान रखा जावे। पिछली बार स्कूल में जनसुनवाई रखी गयी थी अभी छत वगैरह ठीक लग रही है। आप जो भी करों आपके आसपास जो स्कूल हो, आंगनवाडी हो, उसको भी आप देखों। उसके अन्दर आप सहयोग करें । प्लान्टेशन नहीं किया गया है तो किया जावे। कितने पेड लगाए गए है क्या स्थिति है कितना खाली छोड रखा है कितने में कहां डम्पिंग कर रहा है। कहीं इधर उधर तो डम्पिंग नहीं कर रहा है एवं ब्लास्ट करें तो पत्थर आकर दुसरे की भूमि पर नही पडे और ऐसी कहीं कोई परशानी नहीं हो रही है। हम ऐसा मान सकते है कि माईन्स ऑनर थोडा सा पावरफुल आदमी है

(ओ.पी. बुनकर)
अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

आस पास वाला कोई गरीब आदमी होगा जिसका कि खेत होगा या कोई घर होगा । कोई ऐसा नहीं हो कि उसको कोई परेशानी हो यह सभी राजकीय विभागों को सुनिश्चित करना है। यह रेगुलर देखते रहना है जैसा कि आज कर दिया फिर 2–3 माह बाद देखेंगे तो बता पाएंगे कि क्या फीड बैक है और क्या नहीं। यहॉ सब जगह सब तरह के लोग होते है तो डेफिनेटली 20 माईन्स ऑनर होंगे तो2–3 तो बदमाश होंगे ही। जोकुछ न कुछ गड़–बड भी करतें होगे। इधर से खोद कर उधर से दिखाते भी होंगे। इन चीजों को रोकना है जिससे कि सिस्टम और माईनिंग विभाग की इमेज भी बनी रहे । जो कि अभी कोई अधिकारी है वह अपना काम ठीक से कर रहे है। यह खनन विभाग आपको करना है।

9. **श्री देवीसिंह राव ग्राम खाम की मादड़ीः–**

मुख्य गांव के पास एक श्री लोकेन्द्रसिंह की माईन्स है वहां पर आरक्षित जमीन है वहां पर भी खोद दिया गया है गांव से पूर्व की तरफ है नीयर गांव की आबादी के पास है उस माईन्स को निरस्त करने की कार्यवाही करावें।

10. **श्री ओ.पी. बुनकर जी अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुरः–**

यह तहसीलदार साब आपकी जिम्मेदारी है कि जितनी भी माईन्स है उनके चारों तरफ पिलर्स लगे हुए है कि नहीं । खनीज विभाग के प्रतिनिधी को निर्देश प्रदान किए कि हर माईन्स के आपके जो भी चारों तरफ पिलर लगे रहते है यह सुनिश्चित किया जाए कि जितनी माईन्सें है उनके चारों तरफ पिलर लगे हुए है या नहीं।

11. **श्री देवी सिंह राव ग्राम खाम की मादड़ीः–**

दोनों साईडों के बीच में और रोड के एकदम पास है गांव के पास है। श्री देवी सिंह राव ने बताया कि माईन्सों पिलर आदि कुछ भी लगे हुए नहीं है और इतनी गांव के नजदीक है कि जिससे आम जनों को एवं राहगिरों को परशानी हो रही है।

12. **श्री ओ.पी. बुनकर जी अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुरः–**

सिम्पल बात है जिसका जिसका बाउण्डरी पिलर नहीं है इसका मतलब वह बाहर जा रहा है 100 प्रतिशत इसमें कोई बात नहीं है उसके मन में बेईमानी है इसीलिये उसने पिलर हटाये है। अन्यथा पिलर लगे रहते है। दूसरी तरफ तहसीलदार या लोकल पटवारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी माईन्स ऑनर अपने निश्चित पिलर के बाहर नहीं जाए और पिलर से बाहर जाए तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए।

(ओ.पी. बुनकर)
अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

13. श्री संतोष सिंह राव ग्राम खाम की मादड़ी:–

श्री लोकेन्द्रसिंह की माईन्स के लिये बताया कि तहसीलदार साहब ने माईन्स के पास रास्ता छुडवाया था तो लोकेन्द्रसिंह ने उस रास्तो को भी काटकर उस पर डम्पिंग कर दिया और नीचे से भी ।

14. श्री भीम सिंह, निवासी खाम की मादडी :–

श्री लोकेन्द्रसिंह जो माईन्स ऑनर है उसकी सीमा के पिलर नहीं है उसकी सीमा का जो पीलर है उस पीलर के अलावा भी वो जमीन खा रहा है उसके पास में मेरी जमीन है । मेरी दीवार बाड वगैरह सब उसकी माईन्स के अन्दर गिर गयी है अभी भी अगर कोई अधिकारी हो तो वह चल सकते है।

15. श्री ओ.पी. बुनकर जी अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुर:–

माईनिंग विभाग के उपस्थित कार्मिक श्री राकेश फोरमेन को माईन्स पर जाकर देखने के निर्देश प्रदान किए ।

16. श्री राय सिंह राणा, निवासी खाम की मादडी :–

निवेदन है कि वर्तमान में एक से अधिक जितनी भी माईन्से चालू है तो न तो कभी गांव के बीच में होकर के कच्ची सडक है तो जो अभी एलोट होने जारहीहै या हुई है उसके लिए आप फरमा रहे है कि पानी का छिडकाव करेंगे। पेड–पौधे लगाएंगे, वायु प्रदूषण को रोकने के लिए। तो मेरा आपसे निवेदन है या मैं यह जानना चाह रहा हूँ कि आज दिन के पहले जितनी भी माईन्से चालू है उसी तरीके से यह भी चालू होने के बाद में पानी का छिडकाव होगा या नहीं होगा। पेड़–पौधे लगायेंगे या नहीं लगायेंगे या सिर्फ एक कहने के लिए है। बाकी यह व्यवस्था तो पूर्व में माईन्सों के लिए चालू है उनके उपरभी लागू होगी तो वो अभी तक हमारे जैसे गांव के बींच में होकर सडक निकल रही है वहां आस–पास में रहने वाले रोज डेली धूल–मिट्टी खा रहेहै। कपडे धोकर बाहर नहीं सुखा सकते है बाहर सो नहीं सकते है इतनी धूल मिट्टी उडती है क्या इनके रोकथाम के लिए प्रभावी ढंग से कदम उठाए जाएंगे कि ये पेड पौधे लगायंगे, पानी का छिडकाव भी करेंगे या जनसुनवाई तक आज तक सीमित रहेंगे।

17. श्री राम लाल डांगी माईन्स ऑनर :–

ने आश्वासन दिया कि पानी का छिडकाव करेंगे। पौधे भी लगाएंगे जो भी नियम है उसके खिलाफ हम नहीं चलेंगे।

(ओ.पी. बुनकर)
अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

18. श्री शरद सक्सेना जी क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुरः–

ने निर्देश प्रदान किए कि पानी के टेंकर पर जीपीएस लगाया जाए जिससे लोकेशन का पता रहे एवं कोई शिकायत नहीं कर पाएंगे कि पानी का छिडकाव नहीं हो रहा है। सारे के सारे कलस्टर वहां मिलकर काम करें । सब पानी के टेंकर के जीपीएस लगवा दिए जाए ताकि यह शिकायत वापस नहीं आएगी। लोकल एनजीओ है शिकायतकर्ता उनकी मदद भी ले सकते है। जितना भी ऐरिया है वह क्लस्टर के हिसाब से है।

19. श्री देवीसिंह राव ग्राम खाम की मादड़ीः–

लोकेन्द्रसिंह की माईन्स के पास पांच फूट की जगह नहीं है और 100–100 फीट के खड्डे है।

20. श्री संतोष सिंह रावग्राम खाम की मादड़ीः–

सर हमारे यहां सबसे ज्यादा दो नम्बरी कार्य होता है। आज दिन तक किसी प्रशासन ने कोई एक्शन नहीं लिया, सबसे ज्यादा। न कोई पटवारी सुनता है न और कोई सुनता है। न कोई करता है। सबसे ज्यादा दो नम्बरी कार्य नाईट में चलता है। एक नम्बर वाला बिचारा एक गाड़ी भी दिन की नहीं दे पाता है। यह पोजिशन से यहां।

21. श्री ओ.पी. बुनकर जी अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), उदयपुर :–

आप ओर कोई सुझाव देना चाहे तो ऑफिस के टेलीफोन नम्बर पर दे सकते है। ई–मेल आईडी पर दे सकते है लिखित में देना चाहे तो लिखित में दे सकते है। जिन्हें अपनी रिपोर्ट में शामिल करके वह रिपोर्ट राज्य सरकार को भिजवायी जावेगी । जिससे वह तय करेगी कि पर्यावरण स्वीकृति देय है या नहीं । हमारी जिम्मेदारी आपकी बात आगे तक पहुंचाने की है। इसकी विडियो रिकॉर्डिन्ग हुई है। सीडी भी साथ जाएगी और भी कोई बात होतो लिखित में या मौखिक रूप से मेरे कार्यालय में या कन्ट्रोल रूम में वहां पर दे सकते है या ई–मेल करवा सकते है।

22. माईन्स ऑनर श्री रामलाल डांगीः–

हमारी तरफ से कोई तकलीफ नहीं आएगी। श्री भीमसिंह ने बताया कि उसकी 150 बीघा जमीन है उसके पास में बिलानाम जमीन है उसमें से हमारी जमीन में जाने का रास्ता दिया जावे। एडीएम साहब ने बताया कि संबंधित से बात कर लेना। यह माईन्स से संबंधित इश्यू नहीं है।

23. श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारीः–

(ओ.पी. बुनकर)
अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों एवं आक्षेपो को जनसुनवाई के कार्यवृत में शामिल किया जावेगा तथा कार्यवाही विवरण की वीडियो, रिकॉर्डिंग सी.डी **(परिशिष्ठ "द"** में सलंग्न) एवं फोटोग्राफ **(परिशिष्ठ "य"** में सलंग्न) के साथ उन्हें राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जयपुर के समक्ष प्रेषित किया जावेगा। इसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर–(प्रशासन), उदयपुर को इस जनसुनवाई को समाप्त करने हेतु निवेदन किया तत्पश्चात जनसुनवाई समाप्ति की घोषणा की गई।

(ओ.पी. बुनकर)
अतिरिक्त जिला कलक्टर, (प्रशासन)
जिला–उदयपुर

(ओ.पी. बुनकर)
अति.जिला कलक्टर (प्रशासन)

(शरद सक्सेना)
क्षेत्रीय अधिकारी,
क्षे.का.,रा.प्र.नि.म., उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

संलग्नक : 1

श्री राम लाल डांगी, क्वार्टज एवं फैल्सपार माईन्स, (एम.एल. सं. 03/2020, क्षैत्रफल–3.223 हैक्टेयर), प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 1,86,045.6 **TPA (ROM)** एवं प्रस्तावित क्वार्टज एवं फैल्सपार उत्पादन क्षमता 18,28,595.8 **TPA** निकट ग्राम–खाम की मादडी, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई बाबत् दिनांक 13.09.2022 को 11:30 **AM** बजे, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, खाम की मादडी में श्री राम लाल डांगी, क्वार्टज एवं फैल्सपार माईन्स, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगणः–

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | A.D.M. Sh. O.P. Bunkar | A.D.M. Udaipur | [signature] |
| 2. | R.O. Sh. Sharad Saxena | R O RPCB Udaipur | [signature] |
| 3. | S.O. Dr. Aditi Solanki | RO RPCB Udaipur | [signature] |
| 4 | Madan Singh Rao | ILR Rev. Ghasa | [signature] |
| 5 | Parvat Singh | घासा त. मावली जि. उदयपुर TDR | [signature] |
| 6 | सुखलाल डांगी<br>लोकेश डाँगी | बंन्शी लाल डाँगी, (घासा) | लोकेश डांगी |
| 7 | मांगीदास | खाम की मादडी | मांगीदास |
| 8 | खुमाणसिंह | खाम की मादडी | खुमाणसिंह |
| 9 | सुरेश डांगी | ओडवाडिया | सुरेश |
| 10 | हीराजी | घासा | |
| 11 | रामलाल डांगी | घासा | रामलाल |
| 12 | रूपलाल डांगी | घासा | रूपलाल डांगी |
| 13 | बाबा | खाम की मादडी | |
| 14 | रोडीलाल | खाम की मादडी | [signature] |
| 15 | सवाई सिंह जी | खामकी मादडी | सवाई सिंह |
| 16 | रायसिंह जी | खामकी मादडी | |

| क्र.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 17 | सुरसिंह जी | खामकी मादड़ी | सुरसिंह |
| 18 | रायसिंह जी | खामकी मादड़ी | [illegible] |
| 19 | रघुनाथसिंह जी | खामकी मादड़ी | [illegible] |
| 20 | [illegible] सिंह राव | खामकी मादड़ी | [illegible] |
| 21 | रेणु पालीवाल | पटवारी [illegible] | [illegible] |
| 22 | Manindra Gaur | Tulpro enviro engineering | [illegible] |
| 23 | C.P. Jeengar O.S | RSPCB, Udaipur | [illegible] |
| 24 | Rakesh Meghwal M.F. | Mines & Geology | [illegible] |
| 25 | प्रेमसिंह | खामकी मादड़ी | प्रेमसिंह |
| 26 | हिरसिंह जी | खामकी मादड़ी | हीरसिंह |
| 27 | अरविंद डांगी | ओड़वाड़िया | Arvind |
| 28 | सज्जन सिंह राव | खाम की मादड़ी | [illegible] |

